This Question Paper contains 4 Printed Pages.

08H

HINDI, Paper-II

(First language)

(Composite Course)

Time : 1 hour 15 min.] **[Maximum Marks : 20**

सूचना : *1. छात्रों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।*
2. I, II, III भागों के जवाबों को उत्तरपुस्तिका में देवनागरी लिपि में लिखिये।

I. (अंक : **07**)

1. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए। *3×1=3*

शांति का केवल यह अर्थ नहीं कि मुख से चुप रहें। अपितु मन को नियंत्रित कर उसे बुराई के रास्ते पर चलने से रोकना ही वास्तविक शांति है। इसलिए जहाँ शांति है, वहाँ सुख है, जहाँ सुख है वहीं स्वर्ग है, जहाँ स्वर्ग है वही दुनिया का श्रेष्ठ स्थान है। युद्ध, दुख, लालच और सभी पीड़ाओं को मिटाने का एक मात्र साधन है – 'शांति'।

प्रश्न :

ClassResult.in

(अ) मुख से चुप रहना क्या नहीं कहलाता?

(आ) शांति का वास्तविक अर्थ क्या है?

(इ) शांति किस के लिए एक मात्र साधन है?

2. निम्नलिखित पद्यांश का भाव अपने शब्दों में लिखिए। *1×4=4*

पकड़ वारि की धार झूलता है मेरा मन,
आओ रे सब मुझे घेर कर गाओ सावन।
इंद्रधनुष के झूले में झूलें मिल सब जन,
फिर-फिर आये जीवन में सावन मनभावन॥

या

निम्नलिखित दोहों को पूर्ण कीजिए।

कहि रहीम ---------------------- साँचे मीत॥
कनक-कनक तें ---------------- पाए बौराइ॥

P.T.O.

II. (अंक : 08)

निम्नलिखित **3, 4** प्रश्नों के लिए आंतरिक विकल्प दिये गये हैं। प्रश्न संख्या **3** में से एक और **4** में से एक का उत्तर लिखिए।

1×4=4

3. कवि दिनकर जी ने मेहनत करनेवालों के प्रति अपने विचार किस प्रकार व्यक्त किया है? स्पष्ट कीजिए।

या

'जल ही जीवन है।' इस कहानी द्वारा बताइए कि वास्तव में जल हमारा जीवन आधार है।

4. सावन सब के लिए मनभावन है। वर्षा ऋतु में प्रकृति की सुंदरता को अपने शब्दों में लिखिए।

1×4=4

या

अनेकता में एकता के लिए हिन्दी भाषा का योगदान महत्वपूर्ण है। हिन्दी की महानता को स्पष्ट करते हुए अपने विचार लिखिए।

ClassResult.in

III. निम्नलिखित बहुविकल्पी प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर उत्तरपुस्तिका में सूचित करें। *10×½=5*

5. बिपति कसौटी जे कसे, तेई <u>साँचे</u> मीत॥ – *रेखांकित शब्द का अर्थ पहचानिए।*

(A) अच्छे (B) सच्चे

(C) कायर (D) वीर

6. 'अभागिन' – *शब्द का पुंलिंग शब्द पहचानिए।*

(A) भागा (B) भाग्य

(C) अभागा (D) भाग्यवान

7. 'हामिद की माँ <u>बीमारी</u> का शिकार हो गई।' *रेखांकित शब्द का वचन बदलिए।*

(A) बीमार (B) बीमारे

(C) बीमारों (D) बीमारियाँ

8. ईदगाह जानेवालों की <u>टोली</u> नज़र आने लगी। – *रेखांकित शब्द के लिए पर्यायवाची क्या है?*

(A) सेना, सैनिक (B) समूह, दल

(C) कक्षा, वर्ग (D) समाज, सभा

9. हिन्दी सीखने के लिए <u>विज्ञापन</u> पढ़ना चाहिए। *रेखांकित शब्द में उपसर्ग पहचानिए।*

(A) वि (B) पन

(C) विज्ञ (D) न

10. "निरूपयोग" – *संधि विच्छेद कीजिए।*

(A) नि + उपयोग

(B) निर + उपयोग

(C) निः + उपयोग

(D) निर + पयोग

ClassResult.in

11. "वह भोली सूरत का दुबला लड़का था।"

इस वाक्य में सर्वनाम क्या है?

(A) भोली

(B) सूरत

(C) लड़का

(D) वह

12. "परीक्षा सावधानी से लिखना चाहिए।" – *रेखांकित शब्द क्या है?*

(A) विशेषण

(B) क्रियाविशेषण

(C) संज्ञा

(D) सर्वनाम

13. "लोग सुख-चैन से रह रहे थे।" *यह वाक्य किस काल में है?*

(A) वर्तमानकाल

(B) भविष्यतकाल

(C) भूतकाल

(D) अपूर्ण वर्तमानकाल

ClassResult.in

14. "मन ललचाना" – *मुहावरे का अर्थ क्या है?*

(A) लालच करना

(B) घबराना

(C) इच्छा होना

(D) चिंतित होना